Need to run a direct train between Hardoi Railway Station and Ringas Junction Railway Station ? Laid

श्री जय प्रकाश (हरदोई) **:** मैं माननीय रेल मंत्रीजी से मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई के अंतर्गत, उत्तर रेलवे के अधीन, हरदोई रेलवे स्टेशन से राजस्थान के सीकर जनपद में, उत्तर पश्चिम रेलवे जोन के अंतर्गत रींगस जंक्शन रेलवे स्टेशन के लिए यात्री गाड़ियों के संचालन के लिए अनुरोध करता हूँ । चूंकि रींगस जंक्शन रेलवे स्टेशन खाटूश्याम तीर्थ स्थल का सबसे निकटतम रेलवे जंक्शन है, जहाँ सम्पूर्ण भारत के हर कोने से प्रतिदिन लाखों की संख्या में तीर्थ यात्री खाटूश्यामजी के दर्शनों के लिए भ्रमण करते हैं। इसी क्रम में, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि हरदोई रेलवे स्टेशन से रींगस जंक्शन रेलवे स्टेशन के लिए कोई सीधी यात्रा रेलगाड़ी न होने के कारण हरदोई के हजारों भक्तों. खासकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को, रींगस पहुँचने के लिए दो-तीन रेल मार्ग बदलने पड़ते हैं जिससे उन्हें अनेक कठिनाईयों को सामना करना पड़ता है । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि वे हरदोई रेलवे स्टेशन से रींगस जंक्शन रेलवे स्टेशन को सीधे जोड़ने के लिए यात्री गाड़ियों का संचालन किये जाने के लिए अपनी संस्तुति प्रदान करनें की कृपा करें ।